मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 293 | बुधवार, 19 फरवरी 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

FOLLOW US | Google Play | GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..
अल्लू अर्जुन के साथ दिख सकती हैं

छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा का मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन

# बदलापुर तक मेट्रो के काम को गति मिलेगी



- बदलापुर में फडवणीस का भव्य स्वागत
- लाडकी बहनों ने किया सत्कार



**बदलापुर।** शिवाजी जयंती की पूर्व संध्या पर बदलापुर में उल्हास नदी पर छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों किया गया। मुरबाड़ विधानसभा के आमदार किसन कथोरे के विशेष प्रयासों से इस प्रतिमा को लगाया गया है। उद्घाटन के दौरान अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज जो स्वदेश, स्वधर्म व स्वतंत्रता को हम जी रहे हैं यह छत्रपति शिवाजी महाराज की देन है। टैक्स के बारे में उन्होंने जो नियम बनाए वह आज भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि बदलापुर तक मेट्रो के काम को जल्द ही गति दी जाएगी तथा उल्हास क्षेत्र में पानी के स्त्रोत को नियोजित करके उसका उपयोग लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर सांसद बाल्या मामा, आमदार किसन कथोरे, आमदार कुमार आयलानी, निरंजन डावखरे, ज्ञानेश्वर पाटिल, प्रमोद हिंदूराव, जिलाधिकारी अशोक शिंगारे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप...

### 22 वर्षीय महिला ने की आत्महत्या

**कल्याण.** ठाकुर्ली में लिव-इन पार्टनर से विवाद के बाद 22 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मानसी नागधाने नामक महिला सोमवार अपराह्न को ठाकुर्ली इलाके में अपने घर की छत से लटकी हुई पाई गई।

उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा इस सिलसिले में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार महिला का अपने सह जीवन साथी से झगड़ा हुआ था और गुस्से में आकर उसने अपने बाल काट लिए थे, जिसके बाद पुरुष महिला को छोड़कर चला गया।

उन्होंने बताया कि जब वह कुछ देर बाद घर लौटा तो उसने दरवाजा अंदर से बंद पाया और जब उसने झांककर देखा तो महिला छत से लटकी हुई थी।

# फिर चढ़ा पारा, बढ़ी गर्मी

## ठाणे जिले में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार





**बदलापुर.** ठाणे जिले में फरवरी में इस मौसम का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। जब राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बदलापुर शहर के दौरे पर थे, तब बदलापुर में 38.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। यह जानकारी निजी मौसम शोधकर्ताओं द्वारा दर्ज की गई।

पिछले कुछ दिनों से ठाणे जिले में विभिन्न मुद्दों को लेकर राजनीति गरमा गई है। पिछले कुछ दिनों में वातावरण में तापमान में भी उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया है। पिछले कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है कि सुबह के समय ठंड और दोपहर के समय गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले सप्ताह जिले में पारा गिर गया। वहीं, दोपहर में ऐसा महसूस हुआ जैसे गर्मी के कारण दम घुट रहा है। पिछले सप्ताह 13 फरवरी को ठाणे जिले में फरवरी का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया था।

जिले के बदलापुर में 38.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद मंगलवार को सबसे अधिक तापमान ठाणे जिले में दर्ज किया गया। मंगलवार को बदलापुर में दोपहर तीन बजे तक 38.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

निजी मौसम वैज्ञानिक अभिजीत मोडक ने बताया कि जिले का औसत तापमान भी 38 डिग्री है। वन मंत्री गणेश नाईक उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ ठाणे जिले में एक सार्वजनिक बैठक की मेजबानी करेंगे। दूसरी ओर, बदलापुर में भाजपा विधायक किसन कथोरे और शिवसेना शहर प्रमुख वामन म्हात्रे के बीच जुबानी झड़प चल रही है। इन राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण जहां राजनीतिक माहौल गर्म हो रहा था, वहीं मंगलवार को यह स्पष्ट हो गया कि माहौल भी गर्म हो रहा है।

### शहरों का तापमान

| शहर | तापमान |
|---|---|
| पालघर | 37.8 |
| नवी मुंबई | 38.1 |
| ठाणे | 38.2 |
| कल्याण | 38.6 |
| उल्हासनगर | 38.6 |
| मुंब्रा | 38.7 |
| पनवेल | 38.7 |
| डोंबिवली | 38.7 |
| बदलापुर | 38.7 |
| कर्जत | 38.9 |
| मुरबाड | 39.4 |

### ठाणे में 2.21 लाख रुपये का गुटखा जब्त

**ठाणे.** ठाणे शहर में पुलिस ने एक इमारत से 2.21 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा जब्त किया है। इसके अवैध भंडारण करने के आरोप में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने शनिवार दोपहर को अंबेवाड़ी स्थित एक इमारत के एक कमरे में छापा मारा और परिसर से गुटखे का भंडार बरामद किया। टीम ने 22 वर्षीय मोहम्मद नदीम मोहम्मद फहीम मंसूरी को गिरफ्तार किया।

# सही समय पर मंत्री बनेंगे किसन कथोरे

- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए संकेत



### कथोरे मंत्री से कम नहीं....

अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने अन्य सभी विषयों के साथ-साथ कथोरे के मंत्री पद के मुद्दे पर भी टिप्पणी की। कथोरे को मंत्री से कम मत समझिए। जो काम कथोरे कर सकते हैं, वह काम तो मंत्री भी नहीं कर सकते। और यह मुख्यमंत्री सीधे तौर पर कथोरे के पीछे खड़े हैं। इसलिए वह मुख्यमंत्री ही हैं. फडणवीस ने इस अवसर पर यह भी कहा कि कथोरे सही समय पर मंत्री बनेंगे। इसलिए कहा जा रहा है कि फडणवीस ने कथोरे को मंत्री पद दिए जाने का संकेत दिया है।

**बदलापुर.** किसन कथोरे पांचवीं बार विधायक बने, लेकिन मंत्री नहीं बने। लेकिन जो काम मंत्री नहीं कर सकते, वह कथोरे कर सकते हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि कथोरे किसी मंत्री से कम नहीं हैं और विधायक किसन कथोरे सही समय पर मंत्री बनेंगे। देवेन्द्र फडणवीस उल्हास नदी के तट पर छत्रपति शिवाजी महाराज की घुड़सवार प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर बोल रहे थे। फडणवीस ने यह भी कहा कि कथोरे के पीछे वास्तव में मुख्यमंत्री खड़े हैं।

मुरबाड विधानसभा क्षेत्र से विधायक किसन कथोरे इस वर्ष के विधानसभा चुनाव में पांचवीं बार निर्वाचित हुए। इसलिए उम्मीद थी कि इस साल कथोरे को मंत्री बनाया जाएगा। हालांकि, एकनाथ शिंदे के साथ-साथ प्रताप सरनाईक और गणेश नाइक को भी जिले में मंत्री पद मिला है। इससे कथोरे के समर्थकों में असंतोष फैल गया। कथोरे ने मंत्री पद के लिए भी प्रयास किया था। इसलिए यह माना जा रहा था कि वरिष्ठता के आधार पर कथोरे को मंत्री पद मिलेगा। लेकिन इस साल भी उन्हें मंत्री पद नहीं मिल सका।

मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उल्हास नदी के तट पर स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की घुड़सवार प्रतिमा का अनावरण करने बदलापुर आए थे। विधायक किसन कथोरे द्वारा स्थापित इस प्रतिमा के अनावरण के बाद भाजपा की एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर देवेन्द्र फडणवीस को लाड़ली बहनों की ओर से बधाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने मंच से कथोरे को मंत्री पद दिए जाने की उम्मीद जताई। हर कोई यह देखने को उत्सुक था कि मुख्यमंत्री फडणवीस इस बारे में क्या कहेंगे। कथोरे के मंत्री पद के मुद्दे पर भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। इसलिए सबका ध्यान फडणवीस के बयान पर केंद्रित था।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण अधूरा

**कल्याण.** पूर्वी डोंबिवली के इंदिरा चौक पर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पिछले कई महीनों से खुली अवस्था में है। शिवाजी महाराज की जयंती आने में अब भी कुछ ही घंटे बचे हैं, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण प्रतिमा का सौंदर्यीकरण अधूरा है। इसके विरोध में मंगलवार 18 तारीख को सुबह 11 बजे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी की ओर से मौन विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के बाद कडोंमपा के कार्यकारी अभियंता मनोज सांगले विरोध स्थल पर उपस्थित हुए और उन्होंने जल्द से जल्द प्रतिमा पर छत्र लगाने और आवश्यक सजावट करने का लिखित आश्वासन दिया। उनके अनुरोध के बाद शिवसेना पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया।

# अंबरनाथ राकांपा नेता ने 12वीं की परीक्षा में बिठाया डमी परीक्षार्थी

- डमी परीक्षार्थी अहमद खान गिरफ्तार





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ राष्ट्रवादी कांग्रेस विद्यार्थी सेना के अध्यक्ष अरबाज कुरैशी ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में डमी परीक्षार्थी को बिठाया. उसके पकड़े जाने बाद ये भेद खुला है. डमी परीक्षार्थी अहमद खान के विरुद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है. अरबाज कुरैशी ने पालघर जिला के एसटी कॉलेज से बारहवीं की परीक्षा के लिए फार्म भरा था. वसई के सातिवली के तुंगार फाटा के ओमसाई इंग्लिश स्कूल में उसका परीक्षा केंद्र आया था. सोमवार को फिजिक्स का पेपर था. उसने स्वतः के बदले अहमद खान को पेपर देने के लिए बिठाया. इसकी जानकारी मनसे के कार्यकर्ताओं को मिली. मनसे के कार्यकर्ता केंद्र पर गए और केंद्र प्रमुख और पुलिस को इसकी जानकारी दी. उसके बाद जांच किया गया तो पता चला कि परीक्षा में बैठा परीक्षार्थी अरबाज कुरैशी नहीं है. डमी परीक्षार्थी अहमद खान है. पेल्हार पुलिस स्टेशन में अपराध दाखिल करके अहमद खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. अहमद खान भी अंबरनाथ निवासी बताया गया है.

मुंबई बोर्ड डिविजन में इस वर्ष का यह पहला मामला है. मनसे के नेताओं ने कहा है कि ये शैक्षणिक क्षेत्र में कालिख पोतने वाली घटना है. हमें ऐसी जानकारी मिली है कि अरबाज कुरैशी बहुत जल्द पत्रकार परिषद लेकर इसका खुलासा करने वाले हैं. अभी पुलिस जांच शुरू है और उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया है. अंबरनाथ राकांपा अध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने अरबाज कुरैशी के इस कृत्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने वरिष्ठों तक इस बात को पहुंचाएंगे और कार्रवाई की जाएगी.

# 8 साल बाद भी नहीं बन पाई मनपा स्कूल की इमारत !



- धीमी गति से चल रहा मनपा स्कूल क्रमांक 24 और 18 का काम

**उल्हासनगर.** 8 साल पहले पुनर्निर्माण के नाम पर तोड़े गए मनपा स्कूल क्रमांक 24 और 18 की इमारतों के पुनर्निर्माण का काम संथ गति पर चल रहा है। आगामी शैक्षणिक वर्ष में स्कूल की घंटी बजेगी या नहीं? यह प्रश्न सामाजिक कार्यकर्ता प्रो. प्रवीण मालवे ने मनपा आयुक्त से किया है।

उल्हासनगर मनपा के स्कूलों में बच्चों की संख्या में गिरावट आ रही है, वहीं शिक्षा विभाग का लापरवाह प्रबंधन भी उजागर हो गया है। खेमानी में स्कूल भवन को आठ साल पहले स्कूल नंबर 24 और 18 के पुनर्निर्माण के नाम पर ध्वस्त कर दिया गया था। जिसके बाद हजारों स्कूली बच्चों की एक निजी स्कूल भवन की छाया में शैक्षणिक शिक्षा की व्यवस्था की गई. यह स्कूल पुराने स्कूल से काफी दूर था, इसलिए कई गरीब और जरूरतमंद बच्चों ने वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण हमेशा के लिए स्कूल छोड़ दिया। कई लोगों ने महानगरपालिका प्रशासन से यह सुनिश्चित करने के लिए संपर्क किया है कि महानगरपालिका स्कूल भवन का निर्माण पूरा हो जाए और आगामी शैक्षणिक वर्ष में स्कूल शुरू हो जाए। सामाजिक संगठन और बच्चों के अभिभावक अक्सर स्कूल खोलने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं। अंततः दिसंबर 2023 में सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा स्कूल भवन की आधारशिला रखी गई। यह इमारत चार मंजिलों वाली बनाई गई। हालाँकि, इस साल स्कूल खोलने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

### आयुक्त मनीषा अव्हाले से लोगों को उम्मीदें

नवनियुक्त आयुक्त मनीषा अव्हाले ने हाल ही में एक मनपा स्कूल का दौरा किया और कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिए एक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयुक्त को इस स्कूल भवन का दौरा करना चाहिए और स्कूल शुरू करने पर जोर देना चाहिए। इसकी मांग भी की जा रही है।

# मौज-मस्ती के लिए चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार

- उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा
- आधा दर्जन से अधिक चोरी के मामले दर्ज
- दो रिक्शा और एक बाइक बरामद
- शातिर चोर बदलापुर पुलिस के हवाले



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं। ये दोनों आरोपी अपने शौक पूरे करने और मौज-मस्ती के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। मिली जानकारी के अनुसार, उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल सुरेश जाधव को गुप्त सूचना मिली थी कि दो आरोपी चोरी किए गए रिक्शे के साथ घूम रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे, हेड कांस्टेबल शेखर भावेकर, सतीश सपकाले, विजय जीरे और पुलिस कांस्टेबल प्रसाद टोंडिलकर की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संतोष गुरुराज पाटिल (27) और संजय अनिल मकवाना (23) को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने दो रिक्शा और एक बाइक चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इनके खिलाफ घरफोडी, चोरी, छिनैती और मारपीट के कई मामले विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज हैं। ये दोनों मिलकर ही घटनाओं को अंजाम देते थे। कोलसेवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र से एक रिक्शा चोरी करने के बाद वे बदलापुर मौज-मस्ती के लिए निकले, लेकिन रास्ते में रिक्शा पलट गया, जिससे उसका आगे का कांच टूट गया। इसके बाद उन्होंने उसे वहीं छोड़कर पास में खड़ी एक अन्य रिक्शा चुराई और फरार हो गए। इसी तरह, चोरो ने डर्बी होटल के पास से मुकेश धनवानी की बाइक भी चुराई थी। जिसे बरामद किया है। बता दें कि उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपियों को बदलापुर पूर्व पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

### हजारों फुट की ऊंचाई पर लहराई शिवाजी महाराज की तस्वीर

**कल्याण.** छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर आसमान में हजारों फुट की ऊंचाई पर कल्याण के कोलीवली गांव के कुस्ती खिलाड़ी स्वर्गीय पहलवान बलिराम कारभारी के पुत्र अजीत कारभारी ने लहराया है. रूस के एयरोग्लाड कोलोम्ना में एल-410 विमान से आकाश में 5,100 मीटर (16,732 फीट) की ऊंचाई पर छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर लहराई. अजीत ने कर्नल कोस्त्या क्रिवोशिव और यूनाइटेड स्टेट पैराशूट एसोसिएशन के स्काइडाइविंग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में इस कार्य को अंजाम दिया.

# इलेक्ट्रोपैथी डॉक्टर मरीजों को दे रहा एलोपैथिक दवाइयां

## उल्हासनगर˘-5 में डॉ. दीपक सजनानी के खिलाफ मामला दर्ज



**उल्हासनगर.** नेताजी चौक, उल्हासनगर 5 स्थित श्रेयस अस्पताल के डॉ. दीपक सजनानी के पास इलेक्ट्रोपैथी की डिग्री है, लेकिन वे मरीजों को एलोपैथिक दवाएं दे रहे हैं। मामला सामने आने के बाद हिललाइन पुलिस ने महाराष्ट्र होम्योपैथी परिषद, ठाणे के गृह विभाग के उप तहसीलदार से प्राप्त पत्र के आधार पर उल्हासनगर मनपा के चिकित्सा अधिकारी की शिकायत पर डॉ. दीपक सजनानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

उल्हासनगर मनपा के नागरिक सेवा केंद्र के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जोत्सना शिंदे की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नेताजी चौक, उल्हासनगर स्थित श्रेयस अस्पताल के ड्राइवर डॉ. दीपक सजनानी के खिलाफ कुछ चिंतित व्यक्तियों ने चार साल पहले महाराष्ट्र होम्योपैथी परिषद में शिकायत दर्ज कराई थी। डॉ। शिकायतें थीं कि सजनानी के पास मेडिकल काउंसिल का पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं था और इलेक्ट्रोपैथी, नेचुरोपैथी और बाल चिकित्सा देखभाल में प्रमाण पत्र होने के बावजूद वह मरीजों को एलोपैथिक दवाएं दे रहे थे।

ये शिकायतें मिलने के बाद उल्हासनगर महानगर पालिका के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा के नेतृत्व में, डॉ. शुभांगी देवरे, डॉ. सत्यम गुप्ता, डा. ज्योत्सना शिंदे, डॉ. उत्कर्षा शिंदे, डॉ. वैशाली नाइक, अटेंडेंट सुरेन्द्र पिलानी और हिललाइन पुलिस स्टेशन के पुलिस सब-इंस्पेक्टर साल्वे की एक टीम अचानक डॉ. सजनानी के श्रेयस अस्पताल में जांच करने पहुंचे. उस समय, डॉ. सजनानी मरीज की जांच कर रहे थे। डॉ. मोहिनी धर्मा ने कहा कि डॉ. सजनानी से उनकी मेडिकल शैक्षिक योग्यता के बारे में पूछताछ की गई। उस समय उनके पास बी. इ. एम. एस. (इलेक्ट्रोपैथी) की डिग्री मिली।

इसके अलावा बाल चिकित्सा देखभाल का प्रमाण पत्र और प्राकृतिक चिकित्सा का प्रमाण पत्र भी मिला। अस्पताल में एलोपैथिक दवाइयां पाई गईं। सिद्ध मुग्धा प्रयोगशाला प्रमाण पत्र, एन. इ. एच. एम. का प्रमाण पत्र मिला। चिकित्सा सेवा पंजीकरण प्रमाण पत्र के बिना डॉ. जांच दल ने पाया कि सजनानी मरीजों की देखभाल कर रहे थे।

# उल्हासनगर में महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 50 स्टॉल



**उल्हासनगर.** महानगरपालिका ने महिला स्वयं सहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 50 लोहे के स्टॉल खरीदे हैं। कुल 1,500 महिला स्वयं सहायता समूहों में से 50 पात्र समूहों को स्टॉल आवंटित किए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इसमें व्यवसाय शुरू करेंगी।

उल्हासनगर महानगरपालिका महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला स्वयं सहायता समूहों को आठ गुणा आठ आकार के कुल 50 लोहे के स्टॉल प्रदान किए जाएंगे। एक स्टॉल की कीमत 2,48,315 रुपये थी और 50 स्टॉल 1,24,15,750 रुपये में खरीदे गए। विभाग प्रमुख नितेश रंगारी ने बताया कि विभाग को अब तक स्टॉल के लिए 52 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन महिला स्वयं सहायता समूहों को व्यवसाय के लिए राज्य, केन्द्र एवं नगर निगमों से विभिन्न सहायता उपलब्ध कराई जाएगी तथा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। महिला स्व-सहायता समूहों को दिए जाने वाले लोहे के स्टॉल की क्षमता पर सवालिया निशान लग रहे हैं, और कहा जा रहा है कि आयुक्त मनीषा अव्हाले इन स्टॉल की क्षमता का निरीक्षण करेंगी।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित कर रहा मोबाइल

दुनिया में जैसे-जैसे आधुनिक तकनीकी का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे रोजमर्रा की जिंदगी में इसका दखल बढ़ता जा रहा है। जो मोबाइल फोन कभी दूर बैठे दो लोगों के बीच सिर्फ बातचीत का जरिया था, आज वह ज्यादातर कामों के लिए बेहद जरूरी होता गया है। अब तो इसके बिना पढ़ाई-लिखाई की बात भी अधूरी लगने लगी है। मगर इसी के समांतर स्मार्टफोन के अतिशय उपयोग ने एक बहस खड़ी की है कि शिक्षा के लिए स्मार्टफोन पर निर्भरता से क्या बच्चों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर 2024 के अंत तक पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसद ने विशेष कानूनों या नीतियों के जरिए स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल, शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्टफोन का बहुस्तरीय उपयोग का दायरा और असर शिक्षा प्रणालियों में इसके उपयोग को एक तरह से अनिवार्य बनाए जाने की व्यवस्था से जुड़ा प्रश्न है। दूसरी ओर, दुनिया के कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर अब नई बहस शुरू हो गई है, जिसमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक जरूरी पक्ष है।

आनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग को बढ़ावा तो दिया गया है, लेकिन जब इस मसले पर समीक्षा की गई तो यह उजागर हुआ कि तकनीक एक सीमा तक कुछ संदर्भों में सीखने में सहायक कारक की भूमिका निभा सकती है, लेकिन जब इसका अत्यधिक या फिर अनुचित तरीके से उपयोग किया जाता है, तो इसके विपरीत असर देखने में आते हैं। एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि इसके इस्तेमाल की वजह से विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक जाता है। इसके अलावा, स्मार्टफोन के बेलगाम उपयोग की वजह से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां खड़ी होती हैं, उससे निपटना एक अलग समस्या बन जाती है। इसलिए जरूरी है कि स्मार्टफोन या अन्य तकनीक के रोजमर्रा के जीवन में उपयोग को लेकर एक सीमा तय हो, ताकि यह सिर्फ सहायक बने, निर्भरता और नुकसान का वाहक न बने।

# तकनीक और एआई के क्षेत्र में करना होगा कमाल

प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का लक्ष्य सराहनीय है। उनके इस लक्ष्य पर सभी देशवासियों का ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत को विकसित देश का लक्ष्य 2047 तक हासिल करना चाहिए। 2047 में हमारी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होंगे। यह कठिन लक्ष्य है, क्योंकि 2047 अब 22 वर्ष ही दूर है।

किसी देश के जीवनकाल में 22 वर्ष पलक झपकते बीत जाते हैं। इसके बाद भी यदि हम भारतीय विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए प्रतिबद्ध हो जाएं तो सभी बाधाओं को आसानी से पार किया जा सकता है। विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए शिक्षित भारत, स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत की भी आवश्यकता है।

इसके साथ ही सामाजिक रूप से शांतिमय भारत की भी आवश्यकता है और इसकी भी कि देश का राजनीतिक वर्ग अपने वैचारिक मतभेदों को भुलाकर देश में शांति-सद्भाव का माहौल बनाए रखने और सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के उपायों पर सहमति कायम करे। यह स्वाभाविक ही है कि हमें सबसे अधिक महत्ता शिक्षित भारत पर देनी होगी। देश को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक नागरिक शिक्षित हो।

युवाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। इस संदर्भ में अच्छी बात यह है कि वर्तमान में करीब-करीब समाज के सभी तबकों के लोग यह चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। यह स्थिति स्वतंत्रता के समय या फिर उसके बाद के कालखंड में




नहीं थी। प्राइमरी और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

केंद्र और राज्य सरकारों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के मामले में पूरी तौर पर निजी क्षेत्र पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और खुद ही कमान अपने हाथ में लेनी चाहिए, ताकि बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल जाने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना सुनिश्चित हो सके। इस पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए कि सभी स्तरों पर तकनीक और विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान की जाए।

हमें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि प्राचीन भारत विज्ञान के कई क्षेत्रों में विश्व की अगुआई कर रहा था। हमारे प्राचीन ग्रंथों में चिकित्सा से लेकर खगोलशास्त्र तक के विषयों पर उत्कृष्ट ज्ञान है। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्राचीन भारत विज्ञान के तमाम क्षेत्रों में अग्रणी था, लेकिन यह भी सत्य है कि बाद में इस क्षेत्र में हमारी प्रगति ठहर गई।

यह ठहराव सदियों तक जारी रहा। 15वीं शताब्दी से यूरोपीय देशों ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में प्रगति करनी शुरू की। इन क्षेत्रों में प्रगति के साथ ही उनकी सैन्य शक्ति भी बढ़ती गई। इसके बाद 19वीं शताब्दी में इन देशों में औद्योगिक क्रांति आई। इसने यूरोप को इतना शक्तिशाली बना दिया कि एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के बड़े हिस्से उसके उपनिवेश बन गए। भारत भी ब्रिटेन का उपनिवेश बना और उसके शोषण का भी शिकार हुआ।

स्वतंत्रता आंदोलन के हमारे नेताओं ने यह महसूस किया कि भारत के पतन का एक मुख्य कारण विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में पिछड़ना रहा। स्वतंत्रता के बाद जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने। उन्हें तमाम नीतिगत गलतियों के लिए दोष दिया जा सकता है, लेकिन देश को इसके लिए उनका आभारी होना चाहिए कि उन्होंने यूरोप और भारत के बीच विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अंतर को पाटने की पूरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। उन्होंने विज्ञान एवं तकनीक के उन्नत संस्थानों की स्थापना में विशेष रुचि ली। इनमें से कुछ ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की और कुछ हरित क्रांति तथा औद्योगिक प्रगति में सहायक साबित हुए। इस पर बहस हो सकती है कि नेहरूजी को निजी क्षेत्र पर अधिक भरोसा करना चाहिए था, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि उनके द्वारा स्थापित संस्थानों के चलते परमाणु और अंतरिक्ष समेत विज्ञान एवं तकनीक के कई क्षेत्रों में पश्चिम और भारत के बीच अंतर कम हुआ। अब आज के डिजिटल दौर में विश्व ने विज्ञान एवं तकनीक के मामले में एक नए युग में प्रवेश कर लिया है। डिजिटल तकनीक की गति विश्व को तेजी से बदल रही है।





आध्यात्मिक शिक्षाओं का सच्चा महत्त्व उनका अभ्यास करने में है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# कई महीनों की तैयारी के बाद भी हुआ हादसा

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ पूरी तरह लचर रेल प्रबंधन का नतीजा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली से प्रयागराज के लिए चलाई गई विशेष गाड़ी की उद्घोषणा के बाद भगदड़ मच गई। स्टेशन पर रोज की तुलना में कई गुना भीड़ जमा थी। उद्घोषणा सुनते ही लोग एक से दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने के लिए धक्कामुक्की करने लगे। इस तरह अठारह लोग कुचल कर मारे गए और कई घायल हो गए। विचित्र है कि रेल प्रशासन ने शुरू में इस घटना को ढकने-छिपाने का प्रयास किया।

जिस अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया, वहां भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए। पीड़ितों के बारे में सूचना सार्वजनिक करने पर रोक लगाने के प्रयास किए गए। स्वाभाविक ही, इस घटना को लेकर सरकार पर अंगुलियां उठनी शुरू हो गई हैं। ठीक ऐसी ही घटना पिछले कुंभ के समय प्रयागराज में हुई थी। तब भी एक गाड़ी के दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने की सूचना दी गई थी और इसी तरह भगदड़ मच गई थी, जिसमें छत्तीस लोगों की मौत हो गई थी। इसलिए नई दिल्ली की भगदड़ कोई नया अनुभव नहीं है। रेलवे चाहे जो भी दलीलें दे, पर इस घटना में उसकी लापरवाही अक्षम्य है।

प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियां कई महीने पहले से चल रही थीं। सरकार बढ़-चढ़ कर इसमें लोगों से पहुंचने की अपील कर रही थी। दावा किया गया था कि वहां चालीस से पैंतालीस करोड़ लोग पहुंचेंगे और करीब सौ करोड़ लोगों को ध्यान में रखते हुए इंतजाम किए गए हैं। तेरह हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाने का दावा किया गया। इसके लिए रेलवे को



अतिरिक्त भारी राशि आबंटित की गई थी। यानी रेलवे इस बात से अनजान नहीं था कि महाकुंभ के दौरान उस पर भारी दबाव रहेगा। फिर भी उसने भीड़ पर काबू पाने के लिए कोई व्यावहारिक व्यवस्था क्यों नहीं की, यह समझ से परे है। ऐसा नहीं कि अतिरिक्त भीड़ इससे पहले कभी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जुटी ही नहीं। त्योहारों के मौसम में हर वर्ष रेलवे को ऐसी भीड़ से निपटना पड़ता है। तब भी विशेष गाड़ियां चलानी पड़ती हैं। महाकुंभ के दौरान कुछ अधिक लोग जरूर जमा हो गए होंगे, मगर इससे रेलवे को अपने कुप्रबंधन पर पर्दा डालने का मौका नहीं मिल जाता। ऐसी अव्यवस्था नई दिल्ली के अलावा देश के कई दूसरे स्टेशनों पर भी देखी गई। सवाल है कि इस अव्यवस्था और इसके नतीजों की जिम्मेदारी कौन लेगा।

रेलवे की दलील है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए उसने विशेष गाड़ियां चलाने का फैसला किया था। यह भी विचित्र बात है। कोई भी गाड़ी इस तरह बिना पूर्व सूचना और तय कार्यक्रम के नहीं चलाई जाती। फिर उस गाड़ी के बारे में बिना यह जाने-समझे उद्घोषणा कर दी गई कि लोगों में इसकी क्या प्रतिक्रिया होगी। जब वहां के प्लेटफार्म प्रबंधन करने वाले देख रहे थे कि भीड़ काफी जमा है, तो उन्हें इस बात की आशंका क्यों नहीं हुई कि भगदड़ मच सकती है।

पहले वे लोगों के उस गाड़ी तक पहुंचने की व्यवस्था करते, फिर उद्घोषणा करते, तो शायद ऐसी अफरा-तफरी न मचती। अव्वल तो उतने ही लोगों को भीतर जाने दिया जाता, जितने की गाड़ियों में क्षमता हो सकती है। ये तो सामान्य बुद्धि से भी समझ आने की बातें थीं, मगर रेलवे प्रबंधन ने शायद लोगों की जान की कोई कीमत ही नहीं समझी।

# शादी के बाद 3 दिन तक कमरे में रहते हैं दूल्हा-दुल्हन

दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में कई ऐसी परंपराएं हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है.

**जरा हट के**

खासकर शादी से जुड़े रिवाज तो कुछ ज्यादा ही विचित्र होते हैं. कहीं पर शादी के ठीक बाद सुहागरात वाले दिन दूल्हा-दुल्हन के कमरे में लड़की की मां मौजूद रहती है, तो कहीं पर दुल्हन बनी लड़की के दोस्त ही उसे किडनैप कर ले जाते हैं. कई मामलों में तो लड़कियों की शादी पहले कुत्ते-मेंढक से करा दी जाती है. लेकिन आज हम आपको एक ऐसी रस्म के बारे में बतलाने जा रहे हैं, जिसे निभा पाना बेहद मुश्किल होता है. दरअसल, दुनिया में एक जगह ऐसी है, जहां पर शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन 3 दिन तक कमरे के अंदर रहते हैं, ताकि वे टॉयलेट न जा सकें. आखिर वजह क्या है? लेकिन यकीन मानिए इस बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे.

चलिए आपको बता देते हैं



कि इस अजीब ट्रेडिशन का पालन कहां होता है. दरअसल, इंडोनेशिया और मलेशिया के बोर्नियो प्रांत में रहने वाले टिडॉन्ग जनजाति के लोग इस विचित्र परंपरा का पालन करते हैं. टिडॉन्ग का अर्थ है पहाड़ों पर रहने वाले लोग. इस जनजाति के लोग किसान होते हैं जो स्लैश एंड बर्न विधा का प्रयोग किसानी में करते हैं. इस रस्म को लेकर कई मान्यताएं हैं, जिसके चलते लोग इसे निभाते हैं. इसलिए शादी के तीन दिन बाद तक नवविवाहित जोड़ा टॉयलेट नहीं जाता. इन लोगों का मानना है कि शादी एक पवित्र समारोह होता है. ऐसे में यदि वर-वधू टॉयलेट जाते हैं तो उनकी पवित्रता भंग हो जाती है और वे अशुद्ध हो जाते हैं.

शादी की पवित्रता बरकरार रहे, इसलिए यहां शादी के तीन दिन तक दूल्हा-दुल्हन के टॉयलेट जाने पर पाबंदी रहती है. अगर कोई ऐसा करता है तो उसे अपशगुन मानते हैं. दूल्हा-दुल्हन ऐसा न कर सकें, इसके लिए घरवालों की नजर हमेशा उन पर बनी रहती है. कई बार तो दूल्हा-दुल्हन को कमरे में ही 3 दिन तक बंद कर दिया जाता है. इतना ही नहीं, इस रस्म को निभाने के पीछे दूसरा कारण नवविवाहित जोड़े को बुरी नजर से बचाना होता है.

# किस विटामिन की कमी से 'किडनी' होती है खराब

## ■ गुर्दों की सेहत के लिए कैसा रखें खानपान

**किडनी शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक हैं. गुर्दे शरीर से हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालते हैं. इसके अलावा, ये शरीर के सोडियम, पोटेशियम और फॉस्फेट लेवल को भी कंट्रोल करता है. बता दें कि, किडनी की समस्या होने पर शरीर में पोटेशियम लेवल बढ़ जाता है, जिससे कई शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं. हाल में हुई एक रिसर्च के मुताबिक, महिलाओं में पुरुषों की तुलना में किडनी रोग होने का खतरा अधिक होता है.**



30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में क्रोनिक किडनी रोग होने का खतरा अधिक होता है. खासकर वे लोग जिन्हें डाइबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और अन्य शारीरिक समस्याएं हैं. ऐसे में यदि आपको भी गुर्दे की समस्या है, तो आपको अपनी डाइट में सोडियम, पोटेशियम और फास्फोरस से युक्त फूड को शामिल करना चाहिए. एक रिसर्च के मुताबिक, शरीर में विटामिन डी की कमी से गुर्दे खराब हो सकते हैं. ऐसा होने से शरीर कम कैल्शियम अवशोषित करता है और रक्त में कैल्शियम लेवल कम हो जाता है. जब रक्त में कैल्शियम का स्तर गिरता है, तो पैराथाइरॉइड ग्रंथि अतिरिक्त पैराथाइरॉइड हार्मोन स्त्रावित करती है. रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं में विटामिन डी की कमी अधिक आम है. इसलिए उस दौरान खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए. हालांकि, पुरुषों को भी एक निश्चित आयु के बाद रक्त में विटामिन डी की कमी का अनुभव होता है.

विटामिन डी एक वसा में घुलनशील विटामिन है. इसे 'साइशिन विटामिन' भी कहा जाता है. तैलीय मछली में विटामिन डी प्रचुर मात्रा में होता है. इसके अलावा, विटामिन डी शरीर में तब बनता है जब मानव त्वचा सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आती है. विटामिन डी समुद्री मछली, डेयरी उत्पादों और अंडों में पाया जाता है.

विटामिन डी एक ऐसा विटामिन है जिस पर मानव शरीर और मन दोनों का स्वास्थ्य निर्भर करता है. एक ओर, विटामिन डी हड्डियों और मांसपेशियों के स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रख सकता है, और दूसरी ओर, यह मूड को भी बेहतर बना सकता है. विटामिन डी की कमी से मांसपेशियों में कमजोरी, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं और प्रतिरक्षा में कमी आती है.

विटामिन डी हड्डियों को मजबूत बनाने और मांसपेशियों की सेहत के लिए लाभकारी है. रिसर्च के मुताबिक, भारत की लगभग 76 प्रतिशत आबादी विटामिन डी की कमी से पीड़ित है. यह न केवल हड्डियों को मजबूत करता है, बल्कि ऑस्टियोपोरोसिस जैसी विभिन्न हड्डी संबंधी बीमारियों के जोखिम को भी कम करता है.

विशेषज्ञों मानें तो, यदि शरीर में इस विटामिन का स्तर आवश्यक स्तर से अधिक हो जाए तो विभिन्न समस्याएं हो सकती हैं. विटामिन डी के अत्यधिक सेवन से खून नलियों में कैल्शियम की समस्या हो सकती है. इस स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में कैल्सीफिकेशन कहा जाता है, जो हाइपरकैल्सीमिया जैसी बीमारियों को जन्म दे सकती है. इससे हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है.

शरीर को अतिरिक्त विटामिन डी से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए विशेषज्ञ अक्सर इस विटामिन के साथ विटामिन के लेने की सलाह देते हैं. जहां विटामिन डी रक्त में कैल्शियम के स्तर को बढ़ाता है, वहीं विटामिन के हड्डियों में कैल्शियम संचय की दर को बढ़ाता है. परिणामस्वरूप, रक्त में कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है. इससे हृदय रोग का खतरा भी कम हो जाता है.

विटामिन K प्राकृतिक रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे की जर्दी, मांस और पनीर में पाया जाता है.

गुर्दों को स्वस्थ रखने के लिए कौन से विटामिन और खनिज आवश्यक हैं? विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन डी, कैल्शियम, आयरन और विटामिन बी 12 गुर्दे को स्वस्थ रखते हैं.

# भांग के पकौड़े

खाना-खजाना

**इस साल शिवरात्रि का उत्सव 26 फरवरी को मनाया जाएगा। भोलेबाबा के भक्त इस दिन भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए उपवास रखते हैं, शिवलिंग का अभिषेक करते हैं और महादेव की प्रिय चीजें भोग में बनाकर उन्हें अर्पित करते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव को भांग अत्यंत प्रिय होती है। ऐसे में अगर आप भी महाशिवरात्रि के पर्व को खास बनाने के लिए भांग से बनी कोई स्पेशल रेसिपी सोशल मीडिया पर ढूंढ रहे हैं तो आपकी मुश्किल को आसान बनाने के लिए आपको बताते हैं भांग के पकौड़े की ये टेस्टी और क्रंची रेसिपी।**

**सामग्री :**

- 1 कप कुट्टू का आटा
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1/2 कप पालक
- 1 छोटा चम्मच भांग के पत्तों का पेस्ट
- 1/2 चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट
- 1 चुटकी हींग
- 1/2 चम्मच गरम मसाला
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- तलने के लिए तेल



**विधि :**

भांग के पकौड़े बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में कुट्टू का आटा, भांग का पेस्ट और सभी मसाले डालकर थोड़े से पानी की मदद से एक गाढ़ा बैटर तैयार कर लें। इसके बाद बर्तन में पालक डालकर बैटर को अच्छी तरह मिक्स करें। अब कड़ाही में तेल डालकर गर्म कर लें। मिश्रण के छोटे-छोटे भाग तेल में डालकर पकौड़े गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। तैयार पकौड़ों को किचन टॉवल या टिश्यू पर निकालकर रखें। इसके बाद सबसे पहले भगवान शिव को पकौड़ों का भोग लगाकर पुदीने की चटनी या टमाटर की चटनी के साथ परिवार के सदस्यों को खाने के लिए दे सकते हैं।

# कैसे करें अच्छे केले की पहचान

**केला एक ऐसा फल है जो बारह महीने मिलता है. इसमें ढेरों पोषक तत्व होते हैं, जो सेहत को कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं. एक केला खाकर शरीर एनर्जी से भर जाता है. केले में कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर, कैलोरी, पोटैशियम, विटामिन सी, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स आदि भरपूर होते हैं. पोटैशियम होने के कारण ये फल हार्ट को हेल्दी रखता है. कई वेरायटी के केले मिलते हैं, लेकिन स्वाद सबका एक ही जैसा होता है. आजकल मार्केट में असली-नकली चीजें खूब मिलने लगी हैं. केला भी आपको असली-नकली मिलेगा. हालांकि, जल्दी समझ नहीं आता कि कौन सा केला खाने लायक है और कौन सा आपको नुकसान पहुंचा सकता है. असली-नकली केले की पहचान लोग नहीं कर पाते हैं और मार्केट से कुछ भी खरीद कर ले आते हैं. कई बार कुछ फलों को केमिकल और गैस के जरिए पकाया जाता है. अब आप कैसे पहचानें कि कौन सा केला असली है और कौन सा नकली? चलिए यहां आपको बताते हैं असली-नकली केले की पहचान करने का तरीका.**

## ■ पहचान करने का तरीका



- कुछ फल वाले केले को पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल करते हैं. इस तरह से पकाए गए केले के सेवन से आपको नुकसान पहुंच सकता है. यदि केले के छिलके पर सफेद रंग का दाग-धब्बा दिखे तो ये कार्बाइड से पकाया केला हो सकता है. इसे ना खरीदें.
- साथ ही केले का छिलका और रंग बहुत अधिक शाइन करता दिखे तो भी ना खरीदें. नेचुरली पके केले का रंग हल्का होता है.
- यदि केले को कार्बाइड से पकाया गया है तो उसे जब आप पानी में डालेंगे तो केला डूबेगा नहीं. नेचुरली पका केला पानी में डालते ही डूब जाएगा.
- केले के डंठल को ध्यान से देखें, यदि डंठल का रंग हरा होगा तो समझ लें कि इसे कार्बाइड से पकाया गया है. नेचुरली पके केले का डंठल काले रंग का होता है.
- नकली कार्बाइड से पके केले को खाने से पेट खराब हो सकता है. पेट दर्द, उल्टी, ऐंठन, पाचन तंत्र में गड़बड़ी आदि हो सकती है.

# पानी टंकी में डाल दें जामुन की लकड़ी

## ■ सालों खराब नहीं होगा पानी

पानी की टंकी की सफाई करने को लेकर हर कोई परेशान रहता है. इसकी क्लीनिंग करना आसान नहीं होता. ज्यादा दिन तक सफाई न करने से काई जम जाती है. यहां तक कि बैक्टीरिया भी बढ़ जाते हैं और इससे पानी भी खराब हो जाता है.

अगर आपकी टंकी का पानी खराब हो जाता है और उसकी बार-बार सफाई करनी पड़ती है तो पानी की टंकी में जामुन की कुछ लकड़ी डाल दें. जामुन की लकड़ी में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों हैं जो पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और कवक को खत्म कर देते हैं. जामुन की लकड़ी पानी की टंकी में डालने से टंकी में शैवाल और हरी काई नहीं जमती है. इससे पानी भी खराब नहीं होता है.

जामुन की लकड़ी को अच्छे से साफ करके ही पानी की टंकी में डालें. इसके बाद आपको पानी की टंकी की सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी. छत पर रखी टंकी का पानी लंबे समय तक खराब नहीं होगा. जामुन की लकड़ी की खास बात है कि ये बहुत मजबूत होती है और पानी में डालने के बाद सड़ती नहीं है. इसलिए जामुन की लकड़ी का इस्तेमाल नाव बनाने के लिए भी किया जाता है. पहले के लोग कुएं या



फिर मटके में इसका टुकड़ा डालते थे. ये सेहत के लिए भी अच्छी है. पुराने जमाने में लोग अपनी उम्र बढ़ाने के लिए भी इसका इस्तेमाल करते थे.

पानी की टंकी में जामुन की लकड़ी रखने का एक फायदा ये भी है कि टंकी का पानी काफी दिनों तक खराब नहीं होता है और तरोताजा बना रहता है. नॉर्मली जब टंकी में पानी को काफी दिनों तक स्टोर करके रखा जाता है तो उसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं और पानी की क्वालिटी खराब हो जाती है. पानी से अजीब सी स्मेल भी आने लगती है. लेकिन पानी की टंकी में जामुन की लकड़ी डाल दी जाए तो लंबे समय तक पानी ज्यों का त्यों निर्मल बना रहता है.

जामुन की लकड़ी में कई तरह के मिनरल्स और पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसे पानी की टंकी में रखने से पानी को एक्स्ट्रा मिनरल्स मिलते हैं, जिससे पानी का टीडीएस बैलेंस रहता है. पहले के जमाने में जब RO आदि की सुविधा नहीं थी तब लोग पानी इसकी हेल्प से शुद्ध रखते थे.

जामुन की लकड़ी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं. इसे टंकी में रखने से ये गुण पानी में घुल जाते हैं. पानी जल्दी खराब नहीं होता.

अगर आप चाहते हैं कि आपके पानी का टैंक दूषित न हो. उसमें कीड़े, बैक्टीरिया न पनपे और टंकी को महीनों साफ करने की जरूरत न पड़े तो आप इस ट्रिक को ट्राई करें. कहा जाता है कि जामुन की लकड़ी वर्षों तक पानी को खराब नहीं होने देती.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी।

**मिथुन** : शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** : लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है।

**धनु** : बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। सहयोग मिलेगा।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन** : आज के दिन धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### दरांती से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतारा

**आगरा.** आगरा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने सोमवार देर शाम पत्नी की दरांती से वार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद पति पूरे परिवार के साथ मौके से फरार हो गए। ये घटना इरादतनगर के करौंधना का है। एसीपी वीरेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि सोमवार देर शाम 32 वर्षीय राधा उर्फ पुष्पा की घर में उसके पति केशव ने दरांती से प्रहार कर हत्या कर दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हत्यारोपी पति फरार हो गया था। उसके मां-भाई भी घर पर नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में पति केशव के अवैध संबंध के कारण महिला की हत्या किए जाने की बात सामने आई। एसीपी ने बताया कि आरोपी पति केशव साइको प्रवृत्ति का है।

### तीन बेटों ने मिलकर कूच डाला पिता का सिर

**कुशीनगर.** यूपी के कुशीनगर में रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां जमीन बेचने से नाराज तीन बेटों ने रिश्ते की परवाह छोड़ अपने ही पिता के सिर को ईंट कूच डाला। बर्बरता पूर्वक उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद तीनों आरोपी बेटे मृतक के शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। मंगलवार को कुशीनगर के नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर, भटवलिया नंबर 2 में पिता अनीस पुत्र हलिम (उम्र 55 वर्ष) को उसके बेटों ने जमीन बेचने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। बेटों की मारपीट का जब पिता अनीस ने विरोध किया तो बेटे और उग्र हो गए। उन्होंने उसके सिर पर ईंट से प्रहार करना शुरू कर दिया। ईंट के प्रहार से अनीस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### संभल हिंसा में एसआईटी की जांच पूरी, 1000 से अधिक पेज की चार्जशीट तैयार

**संभल.** उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद के दोबारा सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा मामले में एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। जांच के आधार पर चार्जशीट तैयार कर ली गई है। एक हजार से अधिक पेज की तैयारी चार्जशीट 19 फरवरी को कोर्ट में दाखिल की जाएगी। मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ ठोस साक्ष्य जुटाए गए हैं। जल्द ही बड़ी कार्रवाई होगी। एएसपी श्रीश्चंद्र के अनुसार, एसआईटी की टीम ने गहन जांच के बाद चार्जशीट तैयार कर ली है और इसे जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। चार्जशीट में हिंसा में शामिल लोगों के नाम, उनकी भूमिका, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो क्लिप और अन्य सबूतों का विवरण शामिल किया गया है। 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के दोबारा सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुई थीं, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने मामले में कई लोगों को नामजद किया था और सैकड़ों लोगों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद 79 लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं।

### मासूम बेटे को मार खुद भी फंदे से झूल गई मां

**कानपुर.** आए दिन पति से होने वाले झगड़ों से तंग आकर एक महिला ने पहले अपने कलेजे के टुकड़े को मार डाला फिर खुद फांसी पर झूल गई। यह दिल दहलाने वाली घटना कानपुर के उर्सला कैंपस में घटित हुई। पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। इस बीच बेटी और नाती की मौत की सूचना पर पहुंचे पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को कार के लिए प्रताड़ित किया जाता था। वह यह कहते हुए अफसोस जता रहे थे कि तीन दिन पहले ही बेटी ने फोन कर उनसे बचा लेने की गुहार लगाई। काश उसी समय वह बेटी को ले गए होते तो शायद उसकी जान बच जाती।

# यूट्यूबर अलाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

**कहा- इनके दिमाग में गंदगी**

**केंद्र से कहा- एक्शन लीजिए, वरना हम चुप नहीं बैठेंगे**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्लील कमेंट मामले में रणवीर अलाहबादिया की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने अलाहबादिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार लगाई।

अदालत ने कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि अलाहबादिया के खिलाफ कई FIR दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा।

रणवीर अलाहबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके



बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर FIR दर्ज की गई थी। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कही थीं। पहली- देशभर में दर्ज FIR पर एक जगह सुनवाई। दूसरा- गिरफ्तारी से राहत मिले। तीसरी बात यह थी कि उन्हें धमकाया जा रहा है।

बेंच ने कोर्ट में मौजूद अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल से कहा, ₹ऐसे यू-ट्यूबर्स के मामले सामने आ रहे हैं, क्या केंद्र सरकार कुछ करना चाहती है। अगर वे खुद ही कुछ करते हैं तो बहुत अच्छी बात है, वरना हम यहां गैप नहीं छोड़ सकते। सो-कॉल्ड यूट्यूब चैनल

**सुप्रीम कोर्ट में दलीलें-कमेंट्स..................**

**बेंच ने अलाहबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ से पूछा-**
आप किस तरह की भाषा का बचाव कर रहे हैं? ऐसे बयान से मुझे नफरत है। यहां सवाल यह है कि क्या ऐसा कमेंट कोई अपराध है। अगर यह अश्लीलता नहीं है तो फिर अश्लीलता क्या है?

**जस्टिस सूर्यकांत ने कहा,**
₹उनके दिमाग में कुछ बहुत गंदा है, जो वो प्रोग्राम में उगल रहे हैं, वो अभिभावकों की बेइज्जती कर रहे हैं। अदालत अलाहबादिया का बचाव क्यों करे?₹

**अलाहबादिया के वकील**
चंद्रचूड़ ने कहा कि क्लाइंट को धमकियां दी जा रही हैं।

**जस्टिस सूर्यकांत ने कहा-**
अगर आप ऐसी चीजें करके घटिया पब्लिसिटी पाने की कोशिश कर सकते हैं तो दूसरे भी हैं, जो आपको धमकाकर चीप पब्लिसिटी पाने की कोशिश करेंगे।

**जस्टिस सूर्यकांत बोले-**
जिन शब्दों का इस्तेमाल आपने किया, उससे अभिभावक शर्मसार हुए। बहनें और बेटियां शर्म महसूस करेंगी, पूरा समाज शर्मसार होगा। यह दिखाता है कि दिमाग विकृत है।

# ज्ञानेश कुमार बने नए मुख्य चुनाव आयुक्त



- **राहुल गांधी ने नियुक्ति का विरोध किया**
- **बोले- मामला सुप्रीम कोर्ट में, मीटिंग क्यों बुलाई**

**नई दिल्ली.** 1988 बैच के IAS अधिकारी और मौजूदा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) नियुक्त किया गया है। वे आज यह जिम्मेदारी संभालेंगे। मौजूदा CEC राजीव कुमार आज रिटायर हो रहे हैं। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले CEC हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में सोमवार को हुई बैठक में नियुक्ति का फैसला किया गया। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। इसी पैनल की सिफारिश पर नए CEC की नियुक्ति हुई।

बैठक में विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नए CEC के लिए 5 नामों की सूची दी गई थी, लेकिन राहुल ने नामों पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

बैठक के बाद राहुल गांधी ने डिसेंट नोट जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है इसलिए यह बैठक नहीं होनी चाहिए थी।

वहीं, कांग्रेस ने कहा था- हम अहंकार में काम नहीं कर सकते। बैठक स्थगित करनी थी, ताकि सुप्रीम कोर्ट जल्द फैसला कर सके।

# दिल्ली सरकार का शपथ ग्रहण कल, समय बदला

- **अब रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे समारोह**
- **आज चुना जाएगा CM**

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह के समय में बदलाव हुआ है। शपथ समारोह 4:30 बजे की जगह अब 11 बजे होगा।

हालांकि, भाजपा ने अब तक CM फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को 3:30 बजे बुलाई गई है, जिसमें CM की घोषणा होगी।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और NDA शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी CM शामिल होंगे। इसके अलावा उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेट खिलाड़ी, साधु-संत और राजनयिक भी आएंगे।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के 12 से 16 हजार लोगों को भी बुलाने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है।

# गुजरात की 66 नगरपालिकाओं में से 62 पर भाजपा जीती

- **कांग्रेस को सिर्फ 1 नगरपालिका में मिली जीत**
- **द्वारका में AAP ने भी दो वार्ड जीते**

**गांधीनगर.** गुजरात में जूनागढ़ नगर निगम, वलसाड जिले की तीन नगरपालिका समेत 66 नगरपालिकाओं, तीन तालुका पंचायतों और कई पंचायतों के उपचुनावों के लिए मतगणना चल रही है। कई सीटों पर अन्य दलों के पीछे हटने के कारण भाजपा ने पहले ही निर्विरोध जीत हासिल कर ली थी। ताजा रुझान के मुताबिक, बीजेपी ने 66 में से 62 नगरपालिकाएं जीत ली हैं। आम



आदमी पार्टी ने भी देवभूमि द्वारका में दो वार्ड पर जीत दर्ज की है। जबकि, कांग्रेस को एक पर ही जीत मिली है।

27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के साथ राज्य में पहली बार हुए स्थानीय स्वशासन चुनावों में 66 नगर पालिकाओं के आम चुनाव, 2 नगर पालिकाओं के मध्यावधि चुनाव और जूनागढ़ नगर निगम चुनाव के लिए मतगणना हो रही है। दो बड़े उलटफेर भी हुए हैं। जिसमें चोरवाड़ नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 3 में कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा को हार का सामना करना पड़ा है। जबकि 6 बार उप महापौर रहे गिरीश कोटेचा के बेटे पार्थ कोटेचा जूनागढ़ नगर निगम चुनाव में हार गए।

ताजा जानकारी के अनुसार, नगर पालिकाओं में भाजपा ने 653 सीटें हासिल की हैं। जबकि कांग्रेस को 60 सीटें मिली हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 44 सीटें हासिल की हैं। बसपा ने 5 सीटें जीती हैं तो आम आदमी पार्टी ने दो सीटें हासिल की हैं और अन्य ने 4 सीटें जीती हैं।

**धरमपुर में कांग्रेस हुई साफ**

वलसाड जिले की धरमपुर नगरपालिका पर बीजेपी का फिर से कब्जा हो गया है। धरमपुर नगरपालिका की टोटल 24 सीट थी जिसमें 20 पर बीजेपी ने कब्जा जमाया है। चार सीटें अन्य के खाते में गई हैं। यहां पर कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। इस तरह से धरमपुर नगरपालिका कांग्रेस मुक्त हो गई है।

# पटना में फायरिंग, घर में घुसे अपराधी

- **फोर्स ने घेरा, 2 पकड़ाए**
- **पुलिस के साथ STF मौके पर,**
- **घरों के दरवाजे-खिड़की बंद करवाए**



**पटना.** पटना के कंकड़बाग इलाके में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे 4 अपराधियों ने फायरिंग की। फायरिंग के बाद सभी अपराधी पास ही कंकड़बाग में स्थित एक 5 मंजिला इमारत के अंदर छिप गए।

फोर्स ने इमारत को चारों तरफ से घेर लिया है। पुलिस, STF के साथ ही करीब 5 थानों के SHO और 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं।

2 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुछ अपराधी अब भी घर के अंदर छिपे हैं। इनकी संख्या कितनी है इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

अपराधियों ने किस के ऊपर गोली चलाई ये अभी साफ नहीं हो पाया है। पटना SSP अवकाश कुमार ने कहा कि 'अभी कार्रवाई होने दीजिए। फिर बताएंगे। अभी यह पता नहीं है कि कितने अपराधी हैं।'

अपराधी कंकडबाग में रहने वाले उपेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के मकान में छिपे हुए हैं।

आसपास के सभी लोगों के घरों के खिड़की दरवाजे बंद करवा दिए गए हैं। ऑपरेशन जारी है।

एक चश्मदीद के मुताबिक, 'दोपहर करीब 12 बजे 4 से 5 अपराधी इमारत के अंदर घुसे, इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। अपराधियों ने इमारत के अंदर से ही पुलिस के ऊपर फायरिंग की। इसके बाद ही पटना पुलिस से STF तक मौके पर पहुंची।'

### सपाई अपने बच्चों को इंग्लिश, दूसरों को कहते हैं उर्दू पढ़ो

**लखनऊ.** यूपी विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला किया। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादियों का दोहरा चरित्र है। ये लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाते हैं और दूसरों के बच्चों को बोलेंगे कि गांव के उस स्कूल में पढ़ें जहां संसाधन ही नहीं है।

यह लोग बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं, बच्चों को कठमुल्ला बनाना चाहते हैं। सीएम योगी ने कहा कि समाजवादियों का दोहरा आचरण है। वे अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में भेजेंगे और यहां अंग्रेजी का विरोध करेंगे।

### फ्लैट में 300 बिल्लियां रखने पर मकान मालिक को नोटिस

**पुणे.** महाराष्ट्र के पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने एक फ्लैट में 300 बिल्लियां पाले जाने की शिकायत पर मकान मालिक को नोटिस भेजा है।

एक अधिकारी ने बताया कि फ्लैट मालिक को बिल्लियों को उचित स्थान पर पहुंचाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। हडपसर में मार्वल बाउंटी हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने शिकायत की थी।

सफाई संबंधी समस्याएं के अलावा लगातार दुर्गंध और अत्यधिक शोर की शिकायत भी की गई।

# सिख दंगा-सज्जन की सजा का ऐलान टला

**पीड़ित पक्ष ने फांसी मांगी, 21 फरवरी को सुनवाई; पिता-पुत्र की हत्या में दोषी हैं**

**नई दिल्ली.** 1984 सिख दंगा के एक केस में सज्जन कुमार को आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सजा सुनाई जानी थी, जो टाल दी गई। यह मामला दिल्ली के सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दरअसल आज सजा के ऐलान से पहले पीड़ित पक्ष ने सज्जन को फांसी की सजा देने की अपील की। इसके बाद कोर्ट ने सजा नहीं सुनाई, अब इस केस की सुनवाई 21 फरवरी को होगी।

41 साल पहले हुए सिख दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2



सिखों की हत्या से जुड़ा है। 6 दिन पहले 12 फरवरी को कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था और कहा था कि सजा का ऐलान 18 फरवरी को किया जाएगा।

बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने कहा कि निर्भया केस की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए, इस मामले में सजा-ए-मौत दी जाए। वकील ने कोर्ट में लिखित में अपना हलफनामा पेश किया।

**सज्जन को एक और केस में पहले ही उम्रकैद**

दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं। दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल सज्जन तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा, हत्या और डकैती के आरोप में IPC की धारा 147, 149, 148, 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436, 440 के तहत केस दर्ज किया गया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी की प्राइज मनी दोगुना से ज्यादा बढ़ी

- **पिछली बार 29 करोड़ थी इस बार 60 करोड़**
- **चैंपियन को 19.46 करोड़ मिलेंगे**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए प्राइस मनी की घोषणा की है। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होने जा रही है। इसमें आठ देश हिस्सा लेंगे। इस एडिशन के चैंपियन को 19.46 करोड़ (2.24 मिलियन US डॉलर) और उपविजेता को 9.72 करोड़ (1.12 मिलियन US डॉलर) रुपए मिलेंगे। वहीं, सेमीफाइनल हारने वाली दोनों टीम को लगभग 4.86




करोड़ रुपए दिए जाएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी की कुल प्राइज मनी 59.93 करोड़ है, जो 2017 में हुई पिछली चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 53% ज्यादा है। 2017 की कुल प्राइज मनी 28.88 करोड़ रुपए थी।

**9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा**

हाइब्रिड मॉडल में होने वाला टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगा। 19 दिन में 15 मैच खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 23 फरवरी को दुबई में होगा।

**भारत के सभी मैच दुबई में**

भारत अपने सभी मैच दुबई में ही खेलेगा, टीम के ग्रुप में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं। दुबई में ही एक सेमीफाइनल भी खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो यह मैच भी दुबई में होगा। जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 8 साल बाद होने जा रही है, 2017 में आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था।

**बांग्लादेश के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत**

भारत ग्रुप-ए में है। टीम के ग्रुप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान हैं। 4 और 5 मार्च को 2 सेमीफाइनल होंगे, वहीं 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।



## संक्षेप...

### स्कॉर्पियो गाड़ी से सुरक्षा रक्षक को रौंदन का प्रयास, 3 घायल

**मीरारोड.** मीरारोड पूर्व के जे.पी. इंफ्रा नॉर्थ बासिलोना बिल्डिंग में काले रंग की एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार 3 लोगों से गेट पर किस फ्लैट में जाना है, पूछने पर उन्होंने बिल्डिंग के सुरक्षा रक्षक को गाड़ी से रौंद कर जान से मारने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में स्कॉर्पियो चला रहे आरोपी को यह कहते सुना जा रहा है कि जिला गाजियाबाद दिखा दूंगा, 2 सेकेंड में सिस्टम समझा दूंगा. तुम लोग आरटीओ वाले है क्या, तीनों हट जाओ नहीं तो मार डालूंगा।

इस दौरान गाड़ी में बैठे लोगों ने सुरक्षा रक्षकों को देशी कट्टा दिखाते हुए धमकी भी दी.जख्मी सुरक्षा रक्षकों में से राजकेश्वर सिंह ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार तीनों व्यक्ति शराब या ड्रग्स के नशे में धुत्त थे।

# भाजपा-शिंदे सेना में बढ़ेगी रार ?

## शिवसेना विधायकों की सुरक्षा में कटौती

## साइडलाइन करने का आरोप



**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना के करीब 25 मौजूदा और पूर्व विधायकों की सिक्योरिटी में कौटती करने का फैसला किया गया है। इसको लेकर शिवसेना नेताओं ने नाराजगी भी जाहिर की है। उनका कहना है कि देवेंद्र फडणवीस की अगुआई वाली सरकार में उन्हें साइडलाइन किया जा रहा है। गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी भी सीएम फडणवीस ने अपने ही पास रखी है। बता दें कि इससे शिवसेना के 40 विधायकों और 10 निर्दलीय विधायकों ने शिंदे का समर्थन किया था। इसके बाद उन्होंने बीजेपी के साथ सरकार बना ली थी। उधर शिवसेना (UBT) ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया तो शिंदे सेना के विधायकों को वाई प्लस सिक्योरिटी दे दी गई। विधायकों को पांच से छह पुलिसकर्मियों के अलावा एक एस्कॉर्ट वाहन भी दिया गया था।

शिवसेना विधायकों के साथ फ्लैशिंग लाइट वाला वाहन भी रहता था। मुंबई में एक आईपीएस अधिकारी ने कहा, विधायकों की सुरक्षा के लिए करीब 600 पुलिसकर्मियों की जरूरत पड़ती है। ऐसे में पुलिस के बाकी काम प्रभावित होते हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने फैसला लिया है कि इन विधायकों की सुरक्षा में कटौती की जाएगी। केवल उन शिवसेना विधायकों को इतनी सुरक्षा मिलेगी जो कि मंत्रिपद पर हैं या फिर उनकी जान को खतरा है।

उन्होंने कहा कि अन्य विधायकों की तरह ही बाकी शिवसेना विधायकों को सुरक्षा के लिए एक पुलिसकर्मी दिया जाएगा। गृह विभाग ने कई अन्य राजनेताओं की सुरक्षा में भी कटौती करने का फैसला किया है। वहीं शिवसेना की प्रवक्ता मनीषा कायंदे ने कहा, कहा गया है कि अब चुनौतियां कम हैं इसलिए, शिवसेना विधायकों की सुरक्षा भी कम कर दी गई है। लेकिन कुछ लोगों को इसको लेकर शिकायत है। शिंदे सेना के नेताओं का कहना है कि सरकार सोच-समझकर उन्हें साइडलाइन करने के लिए ऐसा कर रही है। वहीं शिवसेना के दो मंत्री रायगढ़ और नासिक की पालक मंत्री पद को लेकर भी नाखुश हैं। शिंदे भी देवेंद्र फडणवीस के साथ कई बैठकों में शामिल नहीं हुए।

एक तरफ शिवसेना और बीजेपी में इस तरह की दूरियों के कयास लगाए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शरद पवार तारीफ कर रहे हैं। वहीं देवेंद्र फडणवीस से शिवसेना यूबीटी के नेताओं ने भेंट की। महाराष्ट्र की राजनीति में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दलों में उलटफेर का रुख दिखाई पड़ रहा है। बता दें कि महाराष्ट्र के चुनाव में शिवसेना और बीजेपी ने मिलकर बड़ी जीत दर्ज की लेकिन तीन महीने के भीतर ही दोनों में मतभेद उभरकर सामने आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर विजय हासिल की थी।

# नवी मुंबई में बांग्लादेशी दंपति बेटे समेत गिरफ्तार



**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी दंपति और उनके बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 24 नवंबर, 2024 को मानव तस्करी विरोधी सेल (एएचटीसी) के अधिकारियों ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई के वाशी के जुहूगांव में एक फ्लैट में रह रहे शारो अबताब शेख (48) और उनकी पत्नी सलमा सारो शेख (39) को गिरफ्तार किया था। उनके दस्तावेजों की जांच की गई। आरोपियों ने अपने फ्लैट के कागजात, आधार, पैन, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र दिए थे। जन्म प्रमाण पत्र पश्चिम बंगाल के जयनगर के एक अस्पताल से जारी किए गए थे। इसके बाद दंपति को छोड़ दिया गया। पुलिस ने जन्म प्रमाण पत्र की जांच के लिए दो फरवरी को पश्चिम बंगाल के अस्पताल में टीम भेजी। यहां पता लगा कि जन्म प्रमाण पत्र फर्जी थे। एक सूत्र ने पुलिस को दंपति का बांग्लादेश की राष्ट्रीयता का कार्ड भेजा। पुलिस ने रविवार को दंपति और उनके 22 वर्षीय बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दंपति बोगना बॉर्डर चेक पोस्ट से भारत में दाखिल हुए थे। उन्होंने अवैध रूप से प्रमाण पत्र हासिल किए। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भिवंडी में आरोपियों को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर भीड़ ने की पत्थरबाजी

- एक पुलिसकर्मी घायल
- वाहन क्षतिग्रस्त



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में एक नाबालिग लड़की और उसके माता-पिता के साथ मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय भीड़ द्वारा पथराव किए जाने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया और एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भिवंडी शहर के वराला देवी नगर, कामतघर झोपड़पट्टी क्षेत्र में पड़ोसियों के बीच अपने बच्चों के बीच प्रेम संबंध के संदेह को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान नाबालिग लड़की ने डर के मारे फिनाइल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इसके बाद नाबालिग लड़की को इलाज के लिए आईजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही स्थानीय नारपोली पुलिस स्टेशन को मिली, पुलिस आईजीएम अस्पताल पहुंची और नाबालिग लड़की का बयान लेने के दौरान जब पता चला कि इस अपराध का आरोपी वराल देवी नगर झोपड़पट्टी में है, तो पुलिस उपनिरीक्षक आकाश पवार, सुनील शिंदे और तड़वी की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जीप में सवार होकर घटनास्थल पर गई।

इस दौरान वहां गुंडा प्रवृत्ति वाले कुछ युवकों ने पुलिस टीम के साथ दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। पुलिस ने जब उन्हें रोकने और आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो 30 से 40 लोगों की भीड़ ने पुलिस और पुलिस वाहन पर पथराव कर हमला कर दिया। इसमें पुलिस कांस्टेबल तड़वी पथराव के कारण घायल हो गए। इस दौरान भीड़ ने पुलिस जीप पर भी हमला किया, जिससे जीप क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस कांस्टेबल तड़वी को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाबालिग लड़की की मां ने नारपोली पुलिस स्टेशन में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस उपनिरीक्षक आकाश पवार ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और आरोपी को गिरफ्तार करने से रोकने व पुलिस पर हमला करने के आरोप में उमेश गायकवाड़, सचिन साठे, कृष्णा मंडल, नवीन उर्फ चिन्ट्या, शुभम परुलेकर, उमा वाघमारे, पंकज कांबले और 30 से 40 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने ANTF में 346 नए पदों के सृजन को दी मंजूरी

**मुंबई.** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) में 346 नए पदों के सृजन और छठे राज्य वित्त आयोग की स्थापना को मंजूरी देने समेत कई निर्णय लिए। महाराष्ट्र सरकार ने मादक पदार्थ संबंधी अपराधों से निपटने के लिए 2023 में एएनटीएफ के गठन की घोषणा की थी और इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए 346 नए पद सृजित किए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने सांगली जिले में म्हैसल 'लिफ्ट' सिंचाई योजना की ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने के लिए 1,594 करोड़ रुपये की सौर ऊर्जा परियोजना को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा राज्य भर में 'रोपवे' परियोजनाओं के लिए 'नेशनल हाइवेज लॉजिस्टक्स मैनेजमेंट लिमिटेड को जमीन उपलब्ध कराने का फैसला किया है।

## अयोध्या धाम में वीआईपी दर्शन कराने का झांसा देकर

# बुजुर्ग महिला से 1.80 लाख रुपये ठगे



**ठाणे.** महाराष्ट्र की एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को अयोध्या धाम में वीआईपी दर्शन कराने का झांसा देकर कर्नाटक के एक जालसाज ने 1.80 लाख रुपये ठग लिए। अयोध्या पहुंचने पर ठगी की जानकारी हुई तो ठग ने उनकी पिटाई भी की। पीड़ित ने कोतवाली अयोध्या में मुकदमा दर्ज कराया है। महाराष्ट्र के दीन दयाल नगर, ठाणे, विष्णुनगर हांविवली निवासी कविता शेट्टी ने दर्ज एफआईआर में बताया कि सुरेश आचार्य नामक एक व्यक्ति मुंबई स्थित उनकी ऑफिस में मिलने आया था। उनकी मां कस्तूरी शेट्टी से भी उसने मुलाकात की और उन्हें तीर्थ यात्रा का झांसा दिया। बातचीत में उसने बताया कि वह आचार्य है और कर्नाटक का डिप्टी स्पीकर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसके दोस्त हैं। वह उन्हें अयोध्या में दर्शन के लिए वीआईपी पास दिला देगा। इसके लिए उनसे 1.80 लाख रुपये लिए।

वहां से वह लोग निजी कार से चले। रास्ते में आरोपी ने खुद को सांसद बताते हुए ड्राइवर को धमकाया, टोल कर्मियों पर भी धौंस जमाया। अयोध्या पहुंचने पर पता चला कि उसके पास कोई पास नहीं है। बल्कि वह एक जालसाज है, जो बुजुर्ग आदमियों को ठगता है। उनके पिता सुरेश ने उससे पैसे का हिसाब मांगा तो उसने उनकी पिटाई कर दी। उनके वाहन चालक अंकित को भी धमकाया। उन्होंने बीचबचाव कराना चाहा तो उनसे भी आरोपी ने मारपीट की। आरोपी कर्नाटक के बंगलूरू का रहने वाला है।

कोतवाल अयोध्या मनोज शर्मा ने बताया कि छानबीन में पता चला है कि आरोपी की पीड़ित पक्ष से पहले से जान-पहचान थी। आरोपी ने उन्हें प्रयागराज और काशी में दर्शन कराए थे, लेकिन अयोध्या में वीआईपी दर्शन नहीं करा सका। इसे लेकर उनके बीच मारपीट हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रेमिका की हत्या करने वाला युवक पकड़ा

**पालघर.** पुलिस ने पालघर में विवाद के बाद प्रेमिका की हत्या करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मनोर गांव के निवासी आरोपी ने अपनी पत्नी को तलाक देने के बाद दूसरी युवती से संबंध बना लिए थे। रविवार दोपहर को युवती ने आरोपी से दूसरी महिला से संबंधों को लेकर पूछताछ की। उसने आरोपी को पुलिस से शिकायत करने की धमकी दी। इस पर दोनों में विवाद हुआ। आरोपी ने युवती पर टाइल्स से हमला कर दिया। इससे युवती की मौत हो गई। उसके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर

# ठाणे शहर से निकलेगी पदयात्रा



**ठाणे.** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर आज 19 फरवरी को ठाणे शहर में जय शिवाजी जय भारत के नारे के साथ 6 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी और इस पदयात्रा में 5 से 6 हजार युवा भाग लेंगे। यह जानकारी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने आज आयोजित पत्रकार परिषद में दिया।इस अवसर पर उपायुक्त उमेश बिरारी उपस्थित थे।भारत सरकार युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय युवा कार्यक्रम विभाग के निर्देशानुसार सभी जिलों में 6 किमी पदयात्रा आयोजित की जायेगी।उपमुख्यमंत्री और ठाणे जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, निरंजन डावखरे, डॉ. जितेंद्र आव्हाड सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रहेगी।

## सह्याद्री प्रतिष्ठान हिंदुस्तान के राष्ट्रीय कार्यकारी समिती के अध्यक्ष पद पर विधायक केलकर नियुक्त

**ठाणे.** विधायक संजय केलकर को सह्याद्री आमदार संजय केळकर यांची सहयाद्री प्रतिष्ठान हिंदुस्तान के राष्ट्रीय कार्यकारी समिती के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चयनित किया गया।सह्याद्री प्रतिष्ठान के संस्थापक व दुर्गरत्न से पहचाने जाने वाले श्रमिक गोजमगुंडे ने विधायक संजय केलकर को नियुक्ति पत्र देकर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर महेश विनेरकर, प्रकाश नायर, गौरव शेवाले, अतुल पडवल, संगीता जाधव, अनिकेत कडव, गणेश मांगले व दुर्गसेवक उपस्थित थे।पिछले 12 साल से विधायक केलकर के पास संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष की जबाबदारी थी।लेकिन विधानसभा अधिवेशन में गड़किल्ला के विषय पर कई बार मुद्दा उठाया था।शिवभक्त के रूप में भी इनकी एक अलग पहचान है।27 मार्च को ठाणे कारागार में हर साल सह्याद्री प्रतिष्ठान जिला कमेटी की ओर से कार्यक्रम किया जाता है।सह्याद्री प्रतिष्ठान का राज्य भर में 70 से अधिक शाखाएं है और 25000 से अधिक दुर्ग सेवक है।

## मीठी नदी की सफाई: 1100 करोड़ रुपये के ठेकों की जांच होगी

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने बीते 20 साल में दिए गए 1100 करोड़ रुपये के ठेकों की जांच कराने का फैसला लिया है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बताया कि ठेकों में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई है। मामला मीठी नदी से गाद निकालने का है। जांच में 1100 करोड़ रुपये की कथित अनियमितताएं और धन का दुरुपयोग शामिल होगा। एसआईटी में संयुक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू), पुलिस उपायुक्त, दो सहायक पुलिस आयुक्त और एक निरीक्षक शामिल हैं। 2005 से 2023 के बीच नदी से गाद निकाले जाने के मामले में तीन ठेकेदारों को जांच के लिए बुलाया गया है।

## लालच देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** पिछले कुछ दिनों में बाजार में ऐसी कंपनियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. इसी तरह की ठगी नवी मुंबई में भी की। पुलिस के अनुसार सातवीं कक्षा पास एक युवक ने 27 लाख 65 हजार की ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है, जिसने उच्च रिटर्न का वादा करके 21 निवेशकों से 27 लाख 65 हजार रुपये ठग लिए थे। वह सारा पैसा लेकर बैंकॉक भागने की तैयारी कर रहा था।

### आम सूचना

मैं श्रीमती रकीबुन्नीसा अलीहुसेन चौधरी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 10/1 लकी चाल, ब्लाक नं. ए-12 के पास, रुम नं. 68 डीजी कालोनी कालेज गली, बिसमील्ला बेकरी के पीछे, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ021297200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अलीमुन्नीसा फते मोहम्मद चौधरी उर्फ अलीमुन्नीसा अलीहुसेन चौधरी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.2.2025 सी.नं. 723/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती रकीबुन्नीसा अलीहुसेन चौधरी**

# SST महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर का नवप्रवर्तन रिसर्च कन्वेंशन

- विद्यार्थियों की शोध प्रतिभा को मंच





**उल्हासनगर.** विद्यार्थियों के शोध कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए एसएसटी महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के नवप्रवर्तन रिसर्च कन्वेंशन का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष की प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के 208 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 54 से अधिक शोध पत्रों के पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए।

एसएसटी महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'IOT Based Fire Detection System' इस शोध पत्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को 1500 की नकद राशि और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साठ्ये कॉलेज के विद्यार्थियों के 'Extraction of Essential Oil and Formulation of Herbal Perfumes' इस शोध को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसके लिए 1000 नकद राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा, सतीश प्रधान ज्ञानसाधना कॉलेज के विद्यार्थियों के 'A Path to Personalization: CRM as a Tool for Bank Loyalty with Service Quality Focused' इस शोध को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

इस रिसर्च कन्वेंशन में परीक्षक के रूप में भारत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक साबळे, सीएचएम महाविद्यालय की डॉ. सीए. भावना बिनवानी और बीएनएन कॉलेज के डॉ.दिलीप काकवीपुरे ने विद्यार्थियों के शोध कार्य का मूल्यांकन कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया।

यह नवप्रवर्तन रिसर्च कन्वेंशन महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संयोजक के रूप में बी.कॉम (अकाउंटिंग एंड फाइनेंस) विभाग की समन्वयक डॉ. वर्षा सावलानी, उपप्राचार्य डॉ. संतोष करमानी, डॉ. पद्मा देशपांडे, प्रा. स्वाती पिल्लई, प्रा. दीपिका वलेचा, डॉ. सुनील शहा, प्रा. मायरा लाछानी, प्रा. रीना मिश्रा और प्रा. नम्रता सिंघ ने छात्र स्वयंसेवकों की सहायता से इस सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न किया।






# अल्लू अर्जुन के साथ दिख सकती हैं जाह्नवी कपूर

- एटली की फिल्म की होंगी हीरोइन?



पुष्पा 2 की शानदार सफलता के बाद, अल्लू अर्जुन अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। शुरुआत में, उन्हें त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम शुरू करना था, लेकिन अब खबरें आ रही हैं कि कुछ देरी के कारण उनका शेड्यूल बदल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन अब पहले एटली की अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे, जो एक बड़े बजट की हाई-ऑक्टेन कमर्शियल एंटरटेनर होगी। खास बात ये है कि इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक्टर के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए जाह्नवी कपूर को लीड हीरोइन के तौर पर कास्ट हो सकती हैं। जाह्नवी पहले ही तेलुगु ऑडियंस के बीच अपनी जगह बना चुकी हैं, खासतौर पर 'देवरा' के गाने 'छुट्टमल्ले' में उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया। इसके अलावा, वह जल्द ही राम चरण की फिल्म में भी नजर आएंगी, जिसका डायरेक्शन बुची बाबू सना कर रहे हैं।

### प्रिया की पार्टी में जान्हवी

ये खबर तब तेज हो गई जब जाह्नवी को एटली की पत्नी प्रिया एटली की बर्थडे पार्टी में देखा गया था। इस पार्टी में जाह्नवी अपनी बहन खुशी कपूर, बॉयफ्रेंड शिखर पहारिया,एक्टर वीर पहारिया और एक्ट्रेस काजल अग्रवाल के साथ शामिल हुई थीं। इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि जान्हवी और एटली के बीच किसी फिल्म को लेकर बातचीत हो रही है। हालांकि, अब तक इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक एलान नहीं हुआ है। लेकिन जाह्नवी और अल्लू अर्जुन की जोड़ी फैंस को जरूर पसंद आने वाली है।

अल्लू अर्जुन के साथ इस फिल्म के अलावा, एटली फिलहाल सलमान खान के साथ भी एक बड़े एक्शन प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099